भारत सरकार
कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या 215**
उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
सोमवार, 24 अग्रहायण, 1947 (शक)

**महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन**

***215. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**

**क्या कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और अब तक स्थापित किए गए प्रशिक्षण केन्द्रों, संचालित पाठ्‌यक्रमों और नियुक्त किए गए प्रशिक्षण भागीदारों का ब्यौरा क्या है;

(ख) महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में उक्त केन्द्रों की भौगोलिक अवस्थिति क्या है;

(ग) विगत तीन वित्तीय वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत आबंटित, जारी की गई और उपयोग में लाई गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों की संख्या वर्ष-वार कितनी है;

(घ) क्या सरकार ने महाराष्ट्र में पीएमकेवीवाई के अंतर्गत प्रमाणपत्र प्राप्त उम्मीदवारों की भर्ती को बढ़ावा देने के लिए उद्‌योगों, व्यापार संघों या निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं के साथ कोई साझेदारी की है;

(ड.) यदि हां, तो उद्‌योगों के साथ सम्बद्‌धता स्थापित करने के लिए की गई ऐसी पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इस प्रकार की सम्बद्‌धता के न होने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (च) एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**''महाराष्ट्र में प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन" के संबंध में दिनांक 15.12.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 215 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उलिलखित विवरण**

(क) और (ख) कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) वर्ष 2015 से अपनी प्रमुख योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमकेवीवाई के अंतर्गत, देश भर के युवाओं को अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) के माध्यम से पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, जो वर्तमान में वित्त वर्ष 2022-23 से लागू है, दिनांक 31.10.2025 तक महाराष्ट्र में 1,15,109 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त किया जा चुका है।

पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत महाराष्ट्र में दिनांक 31.10.2025 तक चलाए गए प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशिक्षण भागीदारों और पाठ्यक्रमों का जिला-वार ब्यौरा **अनुबंध I** में दिया गया है (जो मंत्रालय की वेबसाइट https://msde.gov.in/en/useful links/parl-ques/loksabha पर उपलब्ध है)।

(ग) केंद्रीय क्षेत्र योजना 'स्किल इंडिया प्रोग्राम' के घटकों में से एक, पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, राज्यवार धनराशि आवंटन का कोई प्रावधान नहीं है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र में पीएमकेवीवाई के तहत प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों की संख्या और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा इस प्रकार है:

| **वित्त वर्ष*** | **प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त उम्मीदवारों की संख्या** | **उपयोग की गई धनराशि (राशि करोड़ में)** |
|---|---|---|
| 2022-23 | 14,913 | 12.89 |
| 2023-24 | 35,284 | 65.14 |
| 2024-25 | 75,368 | 50.39 |
| 2025-26 (31.10.2025 तक) | 4,457 | 3.83 |

(घ) और (ङ) मंत्रालय ने कौशल विकास प्रणाली में उद्‌योग की भागीदारी को सुदृढ़ करने और महाराष्ट्र सहित पूरे देश में पीएमकेवीवाई प्रमाणित उम्मीदवारों की भर्ती को बढ़ावा देने के लिए पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत कई पहलें की हैं। उम्मीदवार-केंद्रित उद्‌योग-नेतृत्व वाले प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए, मंत्रालय ने कई उद्‌योग संघों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनका ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

इसके अलावा, उद्‌योग-नेतृत्व वाली अवार्डिंग बॉडीस द्‌वारा विकसित राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप जॉब रोल्स में कौशलीकरण प्रदान किया जाता है ताकि उद्‌योग के लिए प्रासंगिकता सुनिश्चित हो सके, साथ ही उद्‌योगों को विभिन्न पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए प्रशिक्षण भागीदार के रूप में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) घटक उम्मीदवारों को व्यावहारिक अनुभव और उद्‌योग का प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्‌ध) प्रशिक्षित उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच सुगम संपर्क स्थापित करता है और समय-समय पर आयोजित रोजगार मेले भर्ती और उद्‌योग के साथ सीधे जुड़ाव के अवसर प्रदान करते हैं।

(च) कोई नहीं

**अनुबंध II**

**दिनांक 15.12.2025 को उत्तरार्थ लोकसभा तारांकित प्रश्न सं 215 के भाग (घ) एवं (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| **क्रम सं** | **किन पक्षों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए** | **एमओयू का उद्देश्य** | **एमओयू पर हस्ताक्षर करने की तारीख** |
|---|---|---|---|
| 1 | एमएसडीई और एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड | पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत कौशल विकास, विमानन संचालन संबंधी शिक्षा प्रशिक्षण और इकोसिस्टम विकास में सहयोग संबंधी समझौता ज्ञापन। | 14.03.2024 |
| 2 | एमएसडीई और भारतीय वस्त्र उद्योग परिसंघ (सीआईटीआई) | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 3 | एमएसडीई और सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 4 | एमएसडीई और नॉर्थ ईस्ट सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एप्लीकेशन एंड रीच (नेक्टर) | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 5 | एमएसडीई और उत्तर पूर्वी हस्तशिल्प और हथकरघा विकास निगम (एनईएचएचडीसी) | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 6 | एमएसडीई और उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय कृषि विपणन सहकारिता (एनईआरएएमएसी) | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 7 | एमएसडीई और सिम्प्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 14.03.2024 |
| 8 | एमएसडीई और फ्लिपकार्ट इंटरनेट प्राइवेट लिमिटेड | पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत विशेष परियोजनाओं के कार्यान्वयन संबंधी समझौता ज्ञापन | 22.08.2024, 2 वर्ष के लिए |
| 9 | एमएसडीई और स्विगी लिमिटेड | स्विगी के प्लेटफॉर्म से जुड़े व्यक्तियों, विशेष रूप से इसके डिलीवरी पार्टनर, रेस्टोरेंट पार्टनर और क्विक कॉमर्स संचालन के विशाल इकोसिस्टम के भीतर, उनके कौशलोन्नयन, व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार को सक्षम बनाना। | 07.09.2024, 2 वर्ष के लिए |

*****